पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक -15-07-2021

दिनांक 14/15-07-2021 को रात्रि थाना तालकटोरा 01, ठाकुरगंज 01, वजीरगंज 01 अभियुक्त गिरफ्तार। **इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**

डी0सी0पी0 पूर्वी

सट्टा खेलते समय गिरफ्तार

थाना कैण्टः-दिनांक 14-07-2021 को एस0आई0 श्री उमेश यादव थाना कैण्ट द्वारा अभियुक्त 01-ऋषि गोयल पुत्र अजय गोयल निवासी म0न0-98 बी हाता रामदास सदर थाना कैण्ट लखनऊ 02-अव्दुल सलीम पुत्र स्व0 अव्दुल रहीम निवासी म0न0-837 लकडी मोहाल सदर थाना कैण्ट लखनऊ 03-राजू कुरैशी उर्फ मो0 आरिफ पुत्र कल्लू निवासी कसाई बाडा थाना कैण्ट लखनऊ को आपस में रूपये की हारजीत की बाजी लगाकर सट्टा खेलते समय सार्वजनिक स्थान गोला बाजार आटा चक्की के पास सदर कैन्ट से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 21 अदद छोटी छोटी पणचयाँ व 02 अदद बडी सट्टे की पणचयाँ, एक अदद रजिस्टर व मालफड में 790/-रूपये बरामद कर थाना कैण्ट पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

थाना कैण्टः-दिनांक 14-07-2021 को एस0आई0 श्री मो0 हारून थाना कैण्ट द्वारा अभियुक्त 01-रामपाल पुत्र स्व0 विक्रम निवासी रजमन बाजार कैण्ट लखनऊ को रजमन बाजार से सामुदायिक केन्द्र गेट के पास कैण्ट से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अदद थैले में 21 अदद विन्डीज कम्पनी के अवैध देशी शराब बरामद कर थाना कैण्ट पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

<u>भा0द0वि0</u>

<u>थाना पारा:-</u>दिनांक 15-07-2021 को थाना पारा द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 15-07-2021 को वादी श्री पदम कुमार क८यप पुत्र स्व0 भगौती प्रसाद क८यप निवासी फ्रेन्ड्स एवेन्यू कालोनी प्रसादीखेड़ा थाना पारा लखनऊ ने थाना पारा पर सूचना दिया कि वादी का भतीजा सनी क८यप उम्र करीब 32 वर्ष्ा पुत्र स्व0 राम कुमार निवासी 5/95 सत्य प्रेमनगर बाराबंकी जो विगत एक माह से वादी के साथ रह कर ट्रान्सपोर्ट नगर में एलईडी कम्पनी में नौकरी करता है, दिनांक 14-07-2021 को समय करीब 08.00 बजे रात्रि को सनी खाना खाकर वादी के घर से टहलने

को कहकर निकला था, जब काफी देर बाद सनी घर नही लौटा तो वादी व वादी के पुत्र

द्वारा ढूढ़ने गये लेकिन सनी नही मिला। आज दिनांक 15-07-2021 को समय करीब 06.30 बजे प्रात: कालोनी के गार्ड ने वादी को बताया कि एक लड़का पड़ा हुआ है, जिसके गले पर कटे का_निट्टान है। इस सूचना पर वादी मौके पर गया तो देखा कि सनी क८यप घायल अवस्था में पड़ा हुआ है, जिसको पुलिस की मदद से ट्रांमा सेन्टर लखनऊ में भर्ती कराया गया, जिसको किसी ने जान से मारने की नियत से गले में चोट पहुचायी है जो बोल नही पा रहा है। **इस सूचना पर थाना पारा पर मु0अ0सं0 300/2021 धारा 307 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।**